p>

Title: Need to construct a ring road network in Kurukshetra, Haryana.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरूक्षेत्र): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का अवसर प्रदान किया, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान कुरूक्षेत्र की एक समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । कुरूक्षेत्र विश्व की एक प्रसिद्ध धार्मिक नगरी है । वहां पर हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं । कुरूक्षेत्र जाने के लिए एक ही सड़क है जो शहर के बीच से निकल कर कैथल-पेहवा-पुनरी की तरफ निकलती है और राजस्थान को टच करती है । उसके ऊपर बहुत भीड़ रहती है । मेरा आपसे निवेदन है कि कुरूक्षेत्र के अंदर एक रिंग रोड बनाई जाए । वैसे राज्य सरकार ने भी उसको टेकओवर किया है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं, यह बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या है। 134 धार्मिक स्थल हैं क्योंकि वहां पर महाभारतकालीन नगरी है और वहां बाहर से श्रद्धालु आते हैं । 134 धार्मिक स्थलों का सुद्दढ़ीकरण किया जाए, यह मेरी प्रार्थना है ।